दिन– शनिवार दिनांक– 19 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रवर्तन निदेशालय ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव को धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया।

02. प्रदेश में बाढ से हुयी क्षति का आकलन करने के लिए केंद्रीय टीम कल पटना आ रही है। दो दिनों तक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का करेगी दौरा।

03. जहरीली शराब से हुयी मौतों के बाद सीवान और सारण में शराब के धंधेबाजों के खिलाफ कार्रवाई तेज। अब तक चौहत्तर लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी।

04. और, बांका जिले के फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में छह कांवरियों की मौत, बारह घायल।

अब समाचार विस्तार से.........

---

प्रवर्तन निदेशालय ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव को धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया है। संजीव हंस की गिरफ्तारी पटना स्थित उनके सरकारी आवास से, जबकि गुलाब यादव की गिरफ्तारी दिल्ली स्थित एक रिसॉर्ट से की गयी है। संजीव हंस को गिरफ्तार करने के बाद देर शाम पीएमएलए अदालत के विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया, जहां से अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बिहार में पहली बार ईडी ने किसी आईएएस अधिकारी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज गुलाब यादव की पटना स्थित पीएमएलए विशेष न्यायालय में पेशी होगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि कल ईडी ने संजीव हंस के पटना स्थित सरकारी आवास और दिल्ली स्थित उनके तीन ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान उनसे लगभग बारह घंटे की पूछताछ की गयी। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब है कि संजीव हंस और गुलाब यादव पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के साथ ही पद का दुरूपयोग कर अवैध तरीके से करोड़ों रुपये की चल–अचल संपत्ति अर्जित करने के अलग–अलग मामले चल रहे हैं।

---

प्रवर्तन निदेशालय ने पापुलर फ्रन्ट ऑफ इंडिया – पी एफ आई की पैंतीस करोड रूपये से अधिक की उन्नीस अचल परिसम्पत्तियां जब्त की हैं। ये परिसम्पत्तियां न्यास, कम्पनी और व्यक्तिगत तौर पर पंजीकृत हैं। इससे पहले भी ईडी ने इक्कीस करोड रूपये से अधिक की सोलह अचल परिसम्पत्तियां जब्त की थी। ईडी ने पी एफ आई के सदस्यों और पदाधिकारियों के विरूद्ध धनशोधन निरोधक अधिनियम के अन्तर्गत जांच शुरू की है। यह जांच एनआईए और अन्य एजेन्सियों में दर्ज की गई विभिन्न प्राथमिकियों के आधार पर की जा रही है।

———————————————————————————

प्रदेश में बाढ से हुयी क्षति का आकलन करने के लिए केंद्रीय टीम कल पटना आ रही है। आपदा प्रबंधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव पार्थ सारथी की अध्यक्षता में सात सदस्यों वाली टीम बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करेगी। दो दिन के दौरे के बाद केंद्रीय टीम का बाईस अक्टूबर को राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक करने का कार्यक्रम है। श्री सुमन ने बताया कि राज्य सरकार ने केन्द्र से बाढ क्षतिपूर्ति मद में तीन हजार छह सौ अड़तीस करोड़ रुपये की सहायता राशि मांगी है।

———बाईट———

———————————————————————————

प्रदेश में पिछले दिनों आई भीषण बाढ़ से विभिन्न नदियों के एक सौ अठारह किलोमीटर लंबे तटबंध क्षतिग्रस्त हो गए। जल संसाधन विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि तटबंध क्षतिग्रस्त होने के साथ ही उन पर बनी संरचनाओं को भी बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार लगभग पांच सौ बारह करोड़ रुपये से बने तटबंध और अन्य संरचनाएं क्षतिग्रस्त हुयी हैं।

———————————————————————————

सीवान, सारण और गोपालगंज जिले में जहरीली शराब से हुयी मौतों के बाद पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने शराब के धंधेबाजों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। सीवान और सारण जिलों से अब तक चौहत्तर लोगों को गिरफ्तार किया गया

है। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सारण जिले में पचहत्तर स्थानों पर छापेमारी की गयी और बासठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, सीवान पुलिस ने बारह लोगों की गिरफ्तारी है।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में कर्मयोगी सप्ताह का शुभारंभ करेंगे। इस सप्ताह के दौरान प्रत्येक सरकारी कर्मी को कम से कम चार घंटे का पाठ्यक्रम पूरा करना होगा। इससे प्रतिभागियों के अलावा मंत्रालयों, विभागों और संगठनों का क्षमता विकास होगा। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

————————————————————————————

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय रबी कृषि सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे। एक दिन के इस कार्यक्रम में कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर भी उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य कृषि प्रणालियों में साझेदारी और नवाचार को बढ़ावा देना है ताकि रबी अभियान को सफल बनाया जा सके।

————————————————————————————

बिहार में विधानसभा की चार सीटों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ के उप चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। कल तरारी सीट से निर्दलीय प्रत्याशी लालू प्रसाद यादव ने अपना नामांकन पर्चा भरा। अन्य सीटों के लिए एक भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किये गये। नामांकन की अंतिम तिथि पच्चीस अक्टूबर तक निर्धारित है।

————————————————————————————

जन सुराज पार्टी में बेलागंज विधानसभा क्षेत्र से प्रोफेसर खिलाफत हुसैन को अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने यह जानकारी दी।

————————————————————————————

बांका जिले के फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र के नगरडीह मोड़ के पास एक अनियंत्रित चार पहिया वाहन की चपेट में आने से छह कांवरियों की मौत हो गयी। वहीं, इस हादसे में बारह लोग घायल हो गए। मृतकों में पांच महिलाएं और एक पुरूष शामिल हैं। ये कावंरिये सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर ज्येष्ठ गौड़नाथ मंदिर जा रहे थे। घायलों को भागलपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, देर रात हुयी इस घटना से आक्रोशित लोगों ने डायल **एक सौ बारह** के पुलिस वाहन को आग के हवाले कर दिया। वहीं, एक एंबुलेंस को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पथराव की घटना में एक दारोगा भी घायल हो गये। स्थिति अभी तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। इधर, पटना जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में हुयी सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गयी। दूसरी तरफ, औरंगाबाद जिले के दाउद नगर– गोह रोड पर एक डंपर की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गयी।

———————————————————————————

जम्मू कश्मीर के शोपियां जिले में आतंकवादियों ने बांका जिले के कैथा गांव निवासी अशोक चौहान की गोली मारकर हत्या कर दी। जम्मू कश्मीर पुलिस के अनुसार आतंकियों ने जासूस समझकर अशोक चौहान की हत्या कर दी। मृतक जम्मू कश्मीर में अपने भाई के साथ रहकर मकई बेचने का काम करता था। मामले की जांच की जा रही है।

———————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह खान और भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य के किसानों को निजी उपयोग के लिए खेत से मिट्‌टी लेने पर कोई रोक–टोक नहीं है और इसके लिए उन्हें किसी प्रकार स्वामित्व शुल्क नहीं देना होगा। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री सिन्हा ने कहा कि मिट्‌टी के वाणिज्यिक उपयोग के लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवदेन देकर मंजूरी लेनी होगी।

———————————————————————————

बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन आज एक सौ छठा स्थापना दिवस समारोह मना रहा है। इस अवसर पर आज से दो दिवसीय महाधिवेशन की शुरुआत हो रही है। यह महाधिवेशन हिन्दी की दो महान विभूतियों पंडित सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और रामवृक्ष बेनीपुरी को समर्पित है। समारोह का उद्‌घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत मुख्य न्यायाधीश रवि रंजन करेंगे।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने प्रधान शिक्षक की रिक्तियों की संख्या में कमी की है। संशोधन के बाद रिक्तियों में दो हजार तीन सौ चार पद घटा दिये गये हैं। पुराने आरक्षण रोस्टर के अनुसार अब चालीस हजार दो सौ सैंतालीस पदों की जगह सैंतीस हजार नौ सौ तैंतालीस पदों पर ही नियुक्ति होगी। इधर, प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के तहत तैंतालीस हजार तीन सौ बीस पदों पर नियुक्ति होगी। शिक्षा विभाग ने बिहार लोक सेवा आयोग को इस संबंध में अधियाचना भेज दी है।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने एकीकृत सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा की संभावित तिथि जारी कर दी है। तेरह दिसम्बर को प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। आयोग के अनुसार अब तक तीन लाख पचास हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

———————————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान एक सौ सड़सठ नये मामलों की पुष्टि हुई। इसमें पचहत्तर मरीज पटना से हैं। राज्य में अब तक डेंगू के पांच हजार दो सौ बासठ मामलों की पुष्टि हो चुकी है।

———————————————————————————

बिना ड्राईविंग लाइसेंस और नाबालिगों द्वारा तिपहिया वाहन चलाने के मामले में कल राज्यभर से चार सौ चार वाहन चालकों को पकड़ा गया। वहीं, एक सौ अट्ठाईस तिपहिया वाहन जब्त किये गये। बाईस नाबालिगों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया।

———————————————————————————

जमुई जिले के भीमबांध से पुलिस ने दो लाख रुपये के इनामी नक्सली सुनील कोड़ा को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————

शिवहर जिले में पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने पिछले एक सप्ताह के दौरान विशेष अभियान चलाकर तिरेसठ शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। इधर,

मधुबनी जिले के अरेर थाना क्षेत्र से पुलिस ने चार सौ पचासी बोतल नेपाली शराब के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है।

——————————————————————————

आरा शहर के गोला सब्जीमंडी में वाणिज्य कर विभाग की टीम ने छापेमारी कर दो करोड़ रूपये के पटाखे जब्त किये हैं।

——————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने आईएएस संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव की गिरफ्तारी की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – आईएएस संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव को ईडी ने किया गिरफ्तार। आय से अधिक संपत्ति और पद के दुरूपयोग का आरोप।

**हिन्दुस्तान** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है – पटना में बहुमंजिली पार्किंग और सब–वे जल्द चालू होगा। सीएम ने किया निरीक्षण।

**दैनिक भास्कर** ने सुप्रीम कोर्ट के सुझाव को प्रमुखता देते हुए लिखा है – संसद बाल विवाह को गैर कानूनी घोषित करने पर विचार करे।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – जेईई मेन्स के पैटर्न में बदलाव, वैकल्पिक प्रश्न नहीं होंगे।

**आज** अखबार लिखता है – यूनिवर्सिटी– कॉलेजों में अक्टूबर के वेतन से लागू होगी नयी व्यवस्था। जिनका डाटा अपलोड नहीं, उन्हें नहीं मिलेगा वेतन।

——————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...............

01. प्रवर्तन निदेशालय ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव को धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया।

02. प्रदेश में बाढ से हुयी क्षति का आकलन करने के लिए केंद्रीय टीम कल पटना आ रही है। दो दिनों तक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का करेगी दौरा।

03. जहरीली शराब से हुयी मौतों के बाद सीवान और सारण में शराब के धंधेबाजों के खिलाफ कार्रवाई तेज। अब तक चौहत्तर लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी।

04. और, बांका जिले के फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में छह कांवरियों की मौत, बारह घायल।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।